1.3.1-Woman Empowerment Activity 2015-20

| S.No. | Date | Name of department | Activity | No. Of participant |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 15/2/15 | B.Ed. | To teach woman and children of slum area by B.Ed. Students under Samarpan social group activity | 30 students |
| 2. | 20/10/15 | Home science | To develop health awareness amongst Aanganwadi mothers regarding protection of their children from infectious diseases by PG Students of human development. | 5 students |
| 3 | 17/11/15 | Home science | Role play to generate awareness in Aanganbadis related to "Baccho ko Nazar Lagna " | |



आयोजन : भिलाई महिला महाविद्यालय के शिक्षा विभाग में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया गया

# राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर हुई निबंध प्रतियोगिता

www.navbharat.org

भिलाई महिला महाविद्यालय के शिक्षा विभाग में भारत के पहले शिक्षा मंत्री, स्वतंत्रता सेनानी तथा शिक्षाविद भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद के जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया गया. इस अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षा दिवस विषय पर बीएड प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की समस्त छात्राओं के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. दो वर्गों में आयोजित की गई इस निबंध प्रतियोगिता में बीएड प्रथम सेमेस्टर में पूनम चैहान ने प्रथम, पिनेश्वरी साहू ने द्वितीय तथा गुलशन चंद्राकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं बी.एड. तृतीय सेमेस्टर से नीता यादव, गरिमा देशमुख तथा बिन्देश्वरी क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहीं. इस अवसर पर भिलाई महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संध्या मदनमोहन, उप-प्राचार्या श्रीमती अनिता नरूला, भिलाई एजुकेशन ट्रस्ट के सचिव सुरेन्द्र गुप्ता, विभागाध्यक्ष (शिक्षा विभाग) डॉ. मोहना सुशांत पंडित सहित शिक्षा विभाग की सहायक प्राध्यापिकाओं श्रीमती हेमलता सिदार, नीतू साहू, भावना, सुनिशा पैट्रीक, नाजनीन बेग तथा डॉ. अनुपमा गंगराडे आदि ने छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस की शुभकामनाएं दी.



भिलाई

भिलाई-रायपुर, सोमवार 2 फरवरी, 2015 16

# गरीब बच्चों और उनकी माताओं को पढ़ा रही महिलाएं

कम्युनिटी रिपोर्टर | भिलाई

पहले अपने कॉलेज में खुद पढ़ती हैं, इसके बाद बच्चों को पढ़ाती हैं महिलाएं।

## 269 बच्चों और 18 महिलाओं को किया जा रहा शिक्षित

## सुबह-शाम अपने समय पर पहुंचती हैं पढ़ाने

## 25 महिलाओं के साथ उठाया बीड़ा

## समर्पण की महिलाओं का उद्देश्य

## इन जगहों में जाकर पढ़ा रही





# भिलाई महिला महाविद्यालय में साक्षर हो रही सफाई कर्मी महिलाएं

January 31, 2020 | Education | No comments

भिलाई। भिलाई महिला महाविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ वसंत पंचमी का आयोजन किया गया। वाग्देवी सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ ही इस अवसर पर सफाई कर्मियों के लिए साक्षरता अभियान की शुरुआत की गई। बेस्ट प्रैक्टिसेस के अंतर्गत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ संध्या मदनमोहन के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के शिक्षा संकाय ने यह जिम्मेदारी ली है। बीएड विभाग की अध्यक्ष डॉ मोहना सुशांत पंडित के संयोजकत्व में संचालित इस कार्यक्रम के तहत भोजनावकाश के दौरान आधे घंटे की यह क्लास लगाई जाएगी।इस कार्य के लिए बीएड विभाग की शिक्षक नाजनीन बेग ने कॉपी-पेन देकर सहयोग प्रदान किया है। इसे ज्ञानोदय नाम दिया गया है। इसमें विभाग के अन्य सहायक प्राध्यापक भी सहयोग प्रदान करेंगे। विभाग के सभी फैकल्टी मेम्बर्स इस अभियान से जुड़कर इसे आगे बढ़ाएंगे।

# Essay competition for budding teachers mark National Education Day in BMM



**Bhilai, Nov 11:** National Education Day was celebrated in the Education Department of Bhilai Mahila Mahavidyalaya (Managed by Bhilai Education Trust, Bhilai) on the occasion of the birth anniversary of India's first education minister, freedom fighter and educationist Bharat Ratna Maulana Abul Kalam Azad. On this occasion, on the theme of National Education Day, an essay competition was organized for all the B Ed course students of first and third semesters. In this essay competition, in the first semester, Poonam Chauhan got the first, Pineshwari Sahu got the second and Gulshan Chandrakar got the third place while from B Ed third semester, Nita Yadav, Garima Deshmukh and Bindeshwari finished first, second and third respectively.




# कालेज की छात्राओं को आदर्श शिक्षक बनने के बताए गुर

**व्याख्यान**

- भिलाई महिला महाविद्यालय मे व्याख्यान का हुआ आयोजन
- महाविद्यालय की यूजी एवं पीजी कोर्स की छात्राओ ने की शिरकत



भिलाईनगर. भिलाई महिला महाविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन में आई.क्यू.ए.सी. के तहत कॉलेज छात्राओं को शिक्षण क्षेत्र की विभिन्न रोजगार संभावनाओं से अवगत कराकर आत्मनिर्भर होने प्रेरित करने तथा शिक्षण कौशल के विकास की जानकारी देने के उद्देश्य से प्रशिक्षित एवं आदर्श शिक्षकों की भविष्य में शिक्षण के क्षेत्र में आवश्यकता तथा बेहतर रोजगार संभावनाएं एक नजर विषय पर भिलाई महिला महाविद्यालय की शिक्षा विभाग की हेड डॉ. मोहना सुशांत पंडित के व्याख्यान का आयोजन किया गया. डॉ. मोहना सुशांत पंडित ने अपने व्याख्यान में महाविद्यालय की उपस्थित समस्त यूजी, पीजी तथा बी.एड. कोर्स की छात्राओं को प्रमुख रूप से आदर्श शिक्षकों के गुणों एवं कौशल के विषय में अवगत कराया वहीं उन्हें शिक्षण क्षेत्र में राज्य तथा केन्द्रिय शासकीय तथा निजी शालाओं में हो रही भर्ती एवं तेजी से बढ़ रहे कोचिंग तथा होम ट्यूशन्स के कारोबार में बेहतर रोजगार संभावनाओं से भी अवगत कराया. इसके अलावा शिक्षकों की भर्ती हेतु विभिन्न एलिजिबिलिटी टेस्ट्स से संबधित जानकारी भी प्रदान की.

इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए भिलाई महिला महाविद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमेन के. पटेल ने उपस्थित युवा छात्राओं को अपने संबोधन में व्यवसायिक कोर्स के महत्त्व की जानकारी दी. कॉलेज की प्राचार्या डॉ. जेहरा हसन ने महाविद्यालय के परीक्षा परिणामों में छात्राओं की उपलब्धि की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं. उप-प्राचार्या तथा आ.क्यू.ए.सी. की हेड डॉ. संध्या मदन मोहन ने उदाहरण द्वारा छात्राओं को रोजगार के क्षेत्र में जाने प्रोत्साहित किया. कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के बी.एड. विभाग की सहायक प्राध्यापिका नीतू साहू ने तथा आभार प्रदर्शन भावना ने किया. कार्यक्रम में प्रबंधन सचिव सुरेन्द्र गुप्ता का प्रोत्साहन तथा बी.एड. विभाग की सहायक प्राध्यापिकाओं श्रीमती हेमलता सिदार, सुनिशा पैट्रीक, नाजनीन बेग एवं आशा साहू का योगदान रहा.

